सोनभद्र पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 13.10.2026

- **ऑपरेशन शुद्धि के तहत थाना चोपन पुलिस एवं एसओजी टीम की बड़ी कार्रवाई, 52 किलो 745 ग्राम अवैध गांजा के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार (अनुमानित कीमत लगभग ₹26 लाख 40 हजार)**
- **तस्करी में प्रयुक्त चार पहिया वाहन रेनॉल्ट ट्राइबर बरामद (अनुमानित कीमत लगभग ₹10 लाख)**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र **श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन में **"ऑपरेशन शुद्धि"** के तहत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर/मुख्यालय **सुश्री मेविस टॉक** एवं क्षेत्राधिकारी नगर **श्री रणधीर मिश्रा** के कुशल पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस एवं एसओजी टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। संयुक्त टीम द्वारा **52 किलो 745 ग्राम अवैध गांजा** बरामद करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी का विवरण

दिनांक 13.10.2026 को समय करीब 01:55 बजे थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत चौकी कस्बा प्रीतनगर के सामने से एक वाहन में सवार तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चार प्लास्टिक की बोरियों में कुल **52 किलो 745 ग्राम अवैध गांजा** बरामद हुआ। उक्त प्रकरण में **मु0अ0सं0-396/2026**, धारा 8/20/27A/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. **सतेन्द्र यादव** पुत्र चंद्रशेखर यादव, निवासी ग्राम बहेरवां, थाना कटया, जिला गोपालगंज, बिहार, उम्र लगभग 39 वर्ष।
2. **अनूप उपाध्याय** पुत्र कृष्णकांत उपाध्याय, निवासी ग्राम हेरवां, थाना कटया, जिला गोपालगंज, बिहार, उम्र लगभग 25 वर्ष।
3. **राजन यादव** पुत्र हरेन्द्र यादव, निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना कटया, जिला गोपालगंज, बिहार।

बरामदगी का विवरण

- चार प्लास्टिक की बोरियों में कुल **52 किलो 745 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत लगभग ₹26 लाख 40 हजार)**।
- तस्करी में प्रयुक्त चार पहिया वाहन रेनॉल्ट ट्राइबर बरामद **(अनुमानित कीमत लगभग ₹10 लाख)**।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय एवं स्थान

दिनांक 13.10.2026, समय करीब 01:55 बजे, चौकी कस्बा प्रीतनगर के सामने, थाना चोपन क्षेत्र, जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री गोपाल जी गुप्ता, थाना चोपन।
2. एसओजी प्रभारी श्री रामस्वरूप वर्मा, जनपद सोनभद्र।
3. वरिष्ठ उपनिरीक्षक *श्र मनोज कुमार सिंह, थाना चोपन।
4. उपनिरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी डाला, थाना चोपन।
5. हेड कांस्टेबल श्री विरेन्द्र कुमार सरोज, थाना चोपन।
6. हेड कांस्टेबल श्री रिजवान साह, थाना चोपन।
7. हेड कांस्टेबल श्री अजय यादव, थाना चोपन।
8. कांस्टेबल श्री मंटू सिंह, थाना चोपन।
9. कांस्टेबल श्री राजनारायण यादव, चौकी डाला।
10. हेड कांस्टेबल श्री मनीष सिंह, एसओजी टीम।
11. हेड कांस्टेबल श्री राजेश यादव, एसओजी टीम।
12. हेड कांस्टेबल श्री राजेश यादव, एसओजी टीम।
13. कांस्टेबल श्री रितेश पटेल, एसओजी टीम।